आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 23.01.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के 100 नगर निकायों के लिये आज सुबह आठ बजे से मतदान शुरू होगा।
- उत्तराखंड की झांकी इस बार गणतंत्र दिवस परेड में साहसिक खेलों और सांस्कृतिक धरोहरों को प्रदर्शित करेगी।
- पुलिस मुख्यालय में समान नागरिक संहिता पर आयोजित कार्यशाला में विधिक प्रावधानों और उनके प्रभावों पर चर्चा की गई।
- राज्य में आज हल्की बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभवना।

मतदान

उत्तराखंड के 100 नगर निकायों के लिये अब से कुछ देर बाद सुबह आठ बजे मतदान शुरू होगा। राज्य निवार्चन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि प्रदेशभर में पांच हजार चार सौ पांच उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इसमें 11 नगर निगमों में मेयर पद के लिए 72 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। नवासी नगर पालिका व नगर पंचायतों में अध्यक्ष पदों के लिए 445 उम्मीदवार और सभी निकायों में पार्षद–वार्ड सदस्य के पदों के लिए 4 हजार 888 उम्मीदवार मैदान में हैं। निकाय चुनाव में मतदान के चलते आज प्रदेश में अवकाश घोषित किया गया है। सचिव विनोद कुमार ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मतदान शाम 5 बजे तक चलेगा और 25 जनवरी को मतगणना होगी।

उत्तराखंड की झांकी

उत्तराखंड की झांकी इस बार गणतंत्र दिवस परेड में साहसिक खेलों और सांस्कृतिक धरोहरों को प्रदर्शित करेगी। झांकी में ऐपण कला, हिल साइक्लिंग, स्नो स्कीइंग, और रिवर राफ्टिंग जैसी गतिविधियों को दर्शाया जाएगा। झांकी का नेतृत्व सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक के. एस. चौहान कर रहे हैं। झांकी राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार की गई है।
इस बीच, उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 46 लोगों को 76वें गणतंत्र दिवस परेड के लिए विशेष अतिथि के रूप में चुना गया है।

इनमें पैरालंपिक विजेता, कारीगर, जल योद्धा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी शामिल हैं। इन लोगों को उनके योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

शूटिंग रेंज

38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में तैयार हो रही शूटिंग रेंज अब देश की तीसरी सबसे बड़ी शूटिंग रेंज बनने जा रही है। यहां 160 टारगेट स्थापित किए जा रहे हैं, जो पेरिस ओलंपिक में उपयोग किए गए मानकों पर आधारित हैं। भारतीय शूटिंग टीम के सहायक कोच अरुण सिंह ने इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

समीक्षा

38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के संबंध में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु ने नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में खेल स्थलों की तैयारी, सुरक्षा, परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उद्घाटन समारोह को भव्य बनाने के लिए विशेष योजना तैयार की गई। नोडल अधिकारियों ने खेल आयोजन से जुड़ी चुनौतियों को प्रस्तुत किया, जिनका समाधान बैठक के दौरान किया गया। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों समेत खेल निदेशक और देहरादून के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

वन यूनिवर्सिटी—वन रिसर्च

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ने वन यूनिवर्सिटी—वन रिसर्च योजना की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। इस शोध का उद्देश्य प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिक संदर्भ में पुनर्स्थापित करना है। कुलपति प्रोफेसर एन. के. जोशी ने बताया कि शोध को सात खंडों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्राचीन गणित, आयुर्वेद, दर्शन और पर्यावरण जैसे विषय शामिल हैं। राज्यपाल ने इस पहल की सराहना की और इसे उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

भेंट

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से प्रदेश के विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर जानकारी ली और प्रशासनिक योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। वहीं, राज्यपाल ने पुलिस महानिदेशक से प्रदेश की कानून व्यवस्था और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने राज्य की बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

## कार्यशाला

देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय में समान नागरिक संहिता—यूसीसी पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य समान नागरिक संहिता के विधिक प्रावधानों और उनके प्रभावों पर चर्चा करना था। पुलिस उप महानिरीक्षक और गृह विभाग की अपर सचिव निवेदिता कुकरेती ने प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से विवाह, विवाह— विच्छेद सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने यूसीसी लागू करने की प्रक्रिया और उससे संबंधित अधिकारियों के कर्तव्यों पर चर्चा की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने कहा कि भविष्य में इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा ताकि लोगों को यूसीसी के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यशाला में मौजूद विभिन्न समुदायों के गणमान्य व्यक्तियों ने संहिता के सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की और इससे संबंधित शंकाओं का समाधान किया।

राज्य में जल्द यूसीसी लागू होने वाला है, जो विवाह और व्यक्तिगत अधिकारों को संरक्षित करने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा तैयार करेगा। यह अधिनियम राज्य के सभी निवासियों पर लागू होगा, जबकि अनुसूचित जनजातियों और संरक्षित समुदायों को इससे छूट दी गई है। इसमें विवाह के लिए पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया और पारदर्शी अपील प्रणाली जैसे प्रावधानों के तहत विवाह पंजीकरण अनिवार्य होगा।

## मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी का अनुमान है। साथ ही निचले इलाकों में कहीं—कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। इस बीच, प्रदेश में आज सुबह अधिकतर स्थानों में मौसम साफ है। हालांकि मैदानी हिस्सों में कहीं—कहीं कोहरा छाया हुआ है।

## सड़क सुरक्षा

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुरक्षित बनाने के लिए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में फरवरी 2024 से अब तक हुई दुर्घटनाओं के आंकड़ों का विश्लेषण और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक में दुर्घटना पीड़ितों को राहत देने से लेकर आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण तक, कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरवरी 2024 से अब तक हुई 11 सड़क दुर्घटनाओं के डाटा को तुरंत आई—रेड डाटाबेस पर अपडेट किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में हर दुर्घटना का रिकॉर्ड समय पर दर्ज हो। उन्होंने दुर्घटना में घायल और मृतकों के परिजनों को राहत देने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर पालिका और नगर पंचायतों को निर्देश दिए गए कि जब तक पशुशालाएं तैयार नहीं होतीं, तब तक सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाया जाए। इससे रात के समय वाहन चालकों को सड़क पर पशु दिख सकें और दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

एपीएस परीक्षा

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने अपर निजी सचिव परीक्षा–2024 की कंप्यूटर ज्ञान परीक्षा के लिए योग्य पाए गए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। प्रथम चरण में हुई हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिंग की परीक्षा में सफल अभ्यर्थी कंप्यूटर की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि अपर निजी सचिव परीक्षा 2024 के प्रथम चरण की परीक्षा के अंतर्गत हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग परीक्षा में सफल एक हजार 653 अभ्यर्थियों की कंप्यूटर ज्ञान परीक्षा के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। कंप्यूटर ज्ञान परीक्षा हरिद्वार स्थित उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ज्ञानोदय लैब परीक्षा भवन में आयोजित की जाएगी। कंप्यूटर ज्ञान परीक्षा का आयोजन 27 जनवरी से 13 फरवरी के मध्य किया जाएगा।

एक नजर समाचार पत्र की सुर्खियों पर–

प्रदेश में आज होने वाले मतदान की खबर को सभी समाचार पत्रो ने प्रमुखता दी हैं। हिन्दुस्तान लिखता हैं प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए आज होगा मतदान वही अमर उजाला ने लिखा हैं प्रदेश के 100 नगर निकायों में 5 हजार 405 प्रत्याशियों के लिए आज होगा मतदान। जबकि दैनिक जागरण की खबर है उत्तराखण्ड में 100 स्थानीय निकायों के लिए आज मतदान, तैयारियां पूरी।

आपदा प्रबंधन के समाचार के संबंध में अमर उजाला लिखता हैं उत्तराखण्ड में 10 लाख महिलांए बनेंगी आपदा सखी। इसी समाचार पर दैनिक जागरण ने लिखा हैं अब स्कूलों के पाठयक्रम में शामिल होगा आपदा प्रबंधन।

राष्ट्रीय खेलो मे स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रदेश मे 141 टीमो का गठन किया गया है। इस समाचार के साथ राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र लिखता है–खेलो के दौरान एंबुलेंस से लेकर हेली एंबुलेंस तक की व्यवस्था उपलब्ध रहेंगी।

प्रदेश मे मौसम पूर्वानुमान के संबध में दैनिक जागरण ने लिखा है आज पहाडो में हल्की वर्षा, मैदान मे गर्जन के साथ बौछार संभव। हिन्दुस्तान ने लिखता है उत्तराखंड में आज बारिश के आसार।